हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 26 जून 2024

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 परखंदा के ग्रामीणों ने की अवैध रेत उत्खनन की शिकायत


12 बदहाली के बीच होगा छात्रों का स्वागत




छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## खबर संक्षेप

### आज से मानसून सक्रिय, झमाझम बारिश की संभावना

**धमतरी।** किसानों के लिए खुशखबरी है। आज से आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में झमाझम बारिश होने के लिए सिस्टम तैयार हो गया है। मौसम विभाग ने 26 जून से प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने तथा अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने की संभावना जताई है। विभागीय जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश के उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से पूर्वी मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बंग्लादेश होते हुए असम तक है। इसकी उंचाई समुद्रतल से 1.5 किमी पर है। एक अन्य द्रोणिका दक्षिण गुजरात के उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से लेकर मध्यप्रदेश, दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश होते हुए उत्तर पश्चिम बिहार तक समुद्र तल से 1.5 किमी की उंचाई पर मौजूद है। इनके प्रभाव से बुधवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कहीं-कहीं पर भारी वर्षा के साथ गरज- चमक की संभावना है।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार रूद्री थानाक्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी देवाराम साहू पिता होरीराम उम्र 23 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। युवक ने सोमवार को अपने घर के किचन में सिलिंग में लगे हुक में साड़ी की रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। दोपहर में घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने रूद्री पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शाम तक शव को जिला अस्पताल भेज दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### 16 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने पानी में डूबने और सर्प काटने से मृत्यु के चार प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए के मान से कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जानकारी अनुसार पखांजूर तहसील के ग्राम उजाला बोगानभोड़िया निवासी 43 वर्षीय दीप्तकर विश्वास की नहर नाली में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मनिमा विश्वास को चार लाख की सहायता स्वीकृत की गई। तहसील बांदे अंतर्गत ग्राम स्वरूपनगर निवासी 32 वर्षीय निरंजन मण्डल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने के कारण पत्नी अलोकी को चार लाख, ग्राम कंदाड़ी निवासी 41 वर्षीय इरमा राम पद्दा की मृत्यु सर्प काटने से हो जाने पर पत्नी मोडे बाई को चार लाख और अंतागढ़ तहसील के ग्राम फुलपाड़ निवासी 45 वर्षीय नरसू नुरेटी की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी बिसंती को चार लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

---

नाथूराम मोतीलाल स्कूल और दाजी मराठी स्कूल को बंद करने का प्रस्ताव

# 99 साल तक किया शिक्षादान, अब बंद होने की कगार पर दो स्कूल





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा के क्षेत्र में 99 साल तक ऐतिहासिक योगदान देने के बाद नाथूराम मोतीलाल पाठशाला बंद होने जा रही है। यही स्थिति दाजी मराठी स्कूल की है, जो पिछले 97 साल से शिक्षा बांट रही है।

शिक्षक, छात्र सहित अन्य संसाधनों की कमी से जूझ रहे इन स्कूलों को बंद करने के लिए इन स्कूलों के संचालनकर्ता समितियों ने जिला शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव को संचालनालय भेजा गया है। जहां से जांच के बाद इन स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। यहां के छात्र एवं कार्यरत शिक्षकों को दूसरे अनुदान प्राप्त स्कूलों में मर्ज किया जाएगा। ये स्कूल अंग्रेज शासनकाल से संचालित होते आ रहे हैं।

### न शिक्षक और न ही छात्र

नाथूराम मोतीलाल स्कूल में मात्र एक शिक्षक है जो मिडिल और प्राइमरी दोनों को पढ़ाता है। इन स्कूलों में कुल 6 छात्र हैं। एक छात्र प्राथमिक में और पांच मिडिल में हैं। दाजी मराठी स्कूल की प्राथमिक शाला में 25 छात्र, 3 शिक्षक, मिडिल में 12 छात्र, 2 शिक्षक, हाई एवं हायर सेकेंडरी में 18 छात्र और तीन शिक्षक हैं।

### इसलिए आ रही समस्या

ये दोनों स्कूल शासन से अनुदान प्राप्त है। इनके अतिरिक्त नूतन हिंदी, मेनोनाइट हिंदी, मेनोनाइट प्राथमिक और आर्य कन्या स्कूल को शासन से अनुदान मिल रहा है। इन स्कूलों में पिछले कई साल से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। हर साल शासन को शिक्षक भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा जाता है, लेकिन किसी भी अनुदान प्राप्त स्कूल में शिक्षक भर्ती को स्वीकृति नहीं मिली है, जिसके कारण इन स्कूलों में शिक्षकों की जबरदस्त कमी है। नूतन और मेनोनाइट स्कूल में समिति शिक्षकों की जरूरत को पूरी कर लेती है, लेकिन इन दोनों स्कूलों की स्थिति खराब है। आर्य कन्या पाठशाला में भी सिर्फ दो ही शिक्षक हैं।

### डेंटल कॉलेज की मांग

इन स्कूलों के बंद होने के बाद स्कूल की संपत्ति ट्रस्ट के अधीन होगी जिसका उपयोग जनसेवा के लिए किया जा सकता है। मराठा समाज के सूर्याराव पवार ने बताया कि नाथूराम मोतीलाल पाठशाला में डेंटल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव बनाया गया है। यदि शासन इस प्रस्ताव को स्वीकृति देता है तो धमतरी के छात्रों को काफी लाभ होगा।

### ऐतिहासिक हैं ये स्कूल, अंग्रेजों के जमाने से हो रहा है संचालन

इन दोनों स्कूलों का संचालन अंग्रेजों के जमाने से हो रहा है। नाथूराम मोतीलाल स्कूल सन 1925 से चल रहा है। उस समय मोतीलाल पिता नाथूराम ने अपनी सम्पति दान कर ट्रस्ट बनाकर इस स्कूल की शुरुआत की थी। पहले इसका नाम नाथूराम मोतीलाल संस्कृत पाठशाला था और संस्कृत की पढ़ाई होती थी। जब संस्कृत के छात्र कम हुए तो समिति के तत्कालीन अध्यक्ष अधिवक्ता पंढरीराव पवार ने यहां माध्यमिक शिक्षा मंडल से कोर्स की शुरुआत कराई। यही स्थिति दाजी मराठी स्कूल की है, जो 1927 से संचालित हैं। पहले ये स्कूल निजी थे। वर्ष 1980 में इन स्कूलों को अनुदान मिलना शुरु हुआ।

---

# झाड़-फूंक के नाम पर ठगी की बैगा समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर बनाते थे अपना शिकार

झाड़ फूंक से बीमारी का इलाज, शराब छुड़ाने, घर से भूत प्रेत भगाने का झांसा दिखाकर 14 लोगों से कुल 11,25,500 रूपये की ठगी करने वाला बैगा व उसके दो साथियों को मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

घटना 28 जनवरी की है। आरोपीगण बैगापूरन साहू पिता स्व. घनाराम साहू उम्र 40 वर्ष साकिन ग्राम जोगीडीपा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छग), रमाकांत साहू पिता ईश्वर लाल साहू उम्र 23 वर्ष साकिन ग्राम बेलोरा थाना मगरलोड जिला धमतरी (छग) एवं भीष्म कुमार साहू पिता झाडूराम साहू उम्र 34 वर्ष साकिन वार्ड नं. 14 मगरलोड थाना मगरलोड जिला धमतरी (छग) ने शारीरिक इलाज एवं घर बंधन, भूत प्रेत भगाने व घर में गड़ी हड्डी निकालने के नाम पर देवीय प्रकोप का भय दिखाकर प्रार्थी डीहू राम साहू से 21500 रूपये एवं डिगम्बर साहू से घर बंधन एवं उसकी पत्नी के इलाज व भूत प्रेत निकालने के नाम पर 55,500 रूपये, ठगेश्वर साहू से शराब छुड़ाने व घर बंधन, घर से हड्डी निकालने के नाम पर 50000 रूपये, संजय साहू भैंसमुंडी से घर बंधन एवं उसके बच्चे के इलाज के नाम से 42000 रूपये, दीनू राम साहू भैंसमुंडी से घर बंधन व घर में गड़ी हड्डी निकालने के नाम से फोन पे एवं नकदी के रूप में कुल 47000 रूपये, श्रीमती सोनबती साहू से उसके पति की शराब छुड़ाने व घर में गड़ी हड्डी निकालने के नाम पर 80000 रूपये, भैंसमुंडी निवासी संतोषी साहू से उसके पुत्र के दिमाग में बैठे शैतान भूत प्रेत बाधा हटाने के नाम से 43500 रूपये फोन पे के माध्यम से एवं नकदी 50000 रूपये, ग्राम लफेंदी निवासी हेमीन साहू से भूतप्रेत बाधा, बहू की डिलीवरी के नाम से 130000 रूपये, ग्राम कंडेल निवासी रितेश साहू से उसकी पत्नी की कोख में बैठे भूत प्रेत भगाकर बच्चा करवाने के नाम से 345000 रूपये, परमानंद साहू से शराब छुड़ाने, घर दुकान बंधन एवं भूत प्रेत बाधा दूर करने के नाम से 75000 रूपये, छोटी करेली निवासी सुनील साहू के घर बंधन एवं शारीरिक इलाज हेतु 70000 रूपये, करेलीछोटी निवासी धनीराम यादव की पुत्री धनेश्वरी यादव के शारीरिक इलाज एवं घर बंधन, घर में गड़ी भूत प्रेत की हड्डी निकालने के नाम पर नकदी एवं फोन पे के माध्यम से 66000 रूपये की ठगी की है। प्रार्थी एवं अन्य 13 पीड़ित लोगों से कुल 11,25,500 रूपये की धोखाधड़ी की है। प्रार्थी डीहू राम साहू की रिपोर्ट पर थाना मगरलोड पुलिस ने तत्काल कार्यवाही कर धारा 420,508,34 भादवि का अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

इस कार्वाई में थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत, सउनि अजय बनारसी, प्रआर विरेन्द्र चन्द्रकार, आरक्षक कुणाल साहू, गोविंदा घृतलहरे, विमल पटेल, नवीन टंडन, त्रिवेणी ध्रुव, सैनिक महेश सिन्हा, राधेश्याम बंजारे का योगदान रहा।

---

## आजाक डीएसपी को कुरूद एसडीओपी का अतिरिक्त प्रभार

■ चार थानेदारों के प्रभार में किया गया फेरबदल

**धमतरी।** प्रशासनिक कसावट लाने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा विभाग में मामूली फेरबदल किया गया है। जिला पुलिस कार्यालय से सोमवार को दो तबादला सूची जारी की गई। सूची के अनुसार आजाक थाना की डीएसपी रागिनी मिश्रा को कुरूद एसडीओपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह एसपी ने थानेदारों के प्रभार में भी फेरबदल किया है। जारी आदेश के अनुसार सिटी कोतवाली संभाल रहे निरीक्षक शरद ताम्रकार का तबादला कर उन्हें नगरी थाना प्रभारी बनाया गया है। उनके स्थान पर अर्जुनी थाना संभाल रहे निरीक्षक राजेश मरई को सिटी कोतवाली की कमान सौंपी गई है। वहीं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे अर्जुनी थाना प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। इसी तरह नगरी थाना संभाल रहे टुमनलाल डड़सेना का तबादला कर उन्हें दुगली थाना प्रभारी बनाया गया है।

---

# देश में मॉब लिंचिंग की घटना को रोकने की गुहार




■ मुस्लिम मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने देश में मॉब लिंचिंग व हत्याओं को रोकने एवं न्याय दिलाने को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है। मुस्लिम मोर्चा के जिला प्रभारी अशफाक अली, निजाम गौस, रखूल खां, फिरोज खां, जुनेद आदि ने कहा है कि देश में मुस्लिमों के साथ अन्याय की घटनाएं बढ़ी हैं। देश की विभिन्न जगहों पर हुई 9 घटनाओं का जिक्र करते हुए ऐसे अपराधियों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा, फांसी, आजीवन कारावास, पीड़ित के परिवार को मुआवजा, सरकारी नौकरी, अपराधों को संरक्षण देने वाले संगठनों पर बैन लगाने, असंवैधानिक कार्रवाई में बेघर हुए परिवारों का पुनर्वास, धार्मिक ग्रंथों की सुरक्षा, कम्युनल वायलंस प्रिवेशन एक्ट का कानून बनाने की मांग की है। आगे कहा कि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर मुस्लिम मोर्चा राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# मोहब्बत के खिलाफ आज भी है जमाना

■ बेटी ने की लव मैरिज तो समाज ने पिता को छोड़ा, ठोका 30 हजार का दण्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



एक तरफ हमारा कानून इंटरकास्ट मैरिज को प्रोत्साहन देता है, तो दूसरी तरफ आज भी हमारा समाज प्रेम प्रसंग के मामले में सख्त है। ऐसा ही एक मामला ग्राम छाती से आया है जिसमें साहू परिवार की एक लड़की ने नगारची समाज के एक युवक के साथ शादी रचा ली और इसकी सजा समाज ने लड़की के परिवार को बहिष्कार के रूप में दी है।

कुरूद थानांतर्गत ग्राम छाती निवासी विद्याचरण पिता प्रह्लाद साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष अपनी व्यथा रखी। उन्होंने बताया कि उसकी पुत्री गिरिजा ने प्रेमप्रसंग के चलते अन्य समाज के युवक के साथ विवाह कर लिया है। उसकी लड़की एक वर्ष से दाम्पत्य जीवन जी रही है। इससे उसे कोई आपत्ति नहीं है।

विद्याचरण ने आगे बताया कि बेटी की लव मैरिज के कारण समाज ने उसे बहिष्कार कर दिया है। उसे रोजी मजदूरी करने नहीं दी जाती। उसके साथ कोई बात नहीं करता। उसे प्रताड़ित किया जाता है। समाज में मिलने के लिए आवेदन करने पर 30 हजार रुपए से दंडित किया गया है। वह खेती किसानी और मजदूरी का कार्य करता है। आय का अन्य जरिया नहीं होने से उक्त राशि पटाने में असमर्थ है।

विद्याचरण ने आगे बताया कि स्थानीय समाज द्वारा दंड करने पर परिक्षेत्र समाज देवपुर में आवेदन करने पर परिक्षेत्र समाज ने उसे समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। लेकिन छाती समाज के पदाधिकारी पूरे परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं। विद्याचरण ने अपने माता पिता और पत्नी के साथ कलेक्टोरेट पहुंचकर समाज में मिलाने तथा प्रताड़ित करने वालों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में साहू समाज के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि हमारा समाज ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस मामले का पीड़ित तथा स्थानीय समाजजनों के साथ बैठकर समाधान करेंगे।

# शुक्लाभाठा को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अक्सर देखा जाता है कि आश्रित ग्राम के लोग स्वतंत्र ग्राम पंचायत की मांग करते हैं लेकिन इस बार ग्राम पंचायत ने आश्रित ग्राम से छुटकारा दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

मंगलवार को मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा के ग्रामीणों ने स्वतंत्र ग्राम पंचायत की मांग की है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष योगचंद साहू, सचिव हेमंतकुमार, महेश्वर, मनोज, घासीराम, फिरतू, ईश्वर, झुमुक, चैनसिंग आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि सन 2000 में शुक्लाभाठा और आमाचानी को मिलाकर शुक्लाभाठा को ग्राम पंचायत बनाया गया है। तब शुक्लाभाठा की जनसंख्या 900 के करीब थी। 2011 में जनसंख्या 1135, 2019 में 1429 तथा 2024 में इसकी जनसंख्या 1600 हो गई है। सन 2019 में ही शुक्लाभाठा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग की गई थी। पंचायती अधिनियम के अनुसार शुक्लाभाठा स्वतंत्र पंचायत की पात्रता रखता है, इसलिए आश्रित ग्राम आमाचानी को अलग कर शुक्लाभाठा को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग की गई है।




---

जिला अस्पताल में एक डॉक्टर के भरोसे स्त्री रोग विभाग

# जांच कराने गर्भवती महिलाओं को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्त्री रोग विभाग में डॉक्टरों की कमी के चलते गर्भवती महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं कुछ महिलाएं बगैर चेकअप के लौट गईं।

जिला अस्पताल की व्यवस्था धीरे-धीरे चरमराती जा रही है। कहीं डॉक्टर्स इस्तीफा दे रहे हैं तो कहीं रेडियोलॉजिस्ट लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। इसी तरह स्त्रीरोग विभाग भी डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है। लंबे समय से विभाग एक गायनेकोलॉजिस्ट के भरोसे चल रहा है। पूर्व में स्त्रीरोग विभाग में तीन से अधिक चिकित्सक थे, जिसमे एक महिला चिकित्सक ने इस्तीफा दे दिया। वहीं दूसरी महिला चिकित्सक लंबी छुट्टी पर चली गई, तबसे लेकर डा. तोमेश श्रीमाली स्त्रीरोग विभाग को संभाल रहे हैं।

गायनेकोलॉजिस्ट के आपरेशन में व्यस्त रहने तक स्त्रीरोग विभाग डॉक्टरविहीन हो जाता है। जबकि विभाग में ओपीडी मरीजों की संख्या रोजाना लगभग 100 है। दूरदराज से आने वाली गर्भवतियों को जांच के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। विभाग में गर्भवती महिलाओं के लिए पानी व बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। गैलरी में लगा एक सिलिंग फेन भी बंद पड़ा हुआ है। भरी गर्मी में गर्भवती महिलाएं कहीं सीढ़ी में तो कहीं जमीन पर बैठकर चेकअप कराने इंतजार करती रहती हैं। चिकित्सक पर भी वर्कलोड पड़ रहा है। आपरेशन के साथ-साथ ओपीडी मरीजों का भी चेकअप करना पड़ता है।

सोमवार को स्त्रीरोग विभाग में लगभग 100 महिलाएं जांच के लिए पहुंची थीं। गायनेकोलॉजिस्ट के आपरेशन में व्यस्त रहने के कारण भरी गर्मी में घंटों इंतजार करती रही। कई महिलाएं बिना जांच कराए लौट गईं। गर्भवती जांच के लिए मरीज लेकर पहुंची मितानिन किरण साहू, नंदनी, पूर्णिमा, कुलेश्वरी साहू व संगीता साहू ने बताया कि लगभग महीने भर से स्त्रीरोग विभाग एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा है। गर्भवती जांच के लिए महिलाओं को लंबा इंतजार करना पड़ता है तब कहीं जाकर एनसी चेकअप हो पाता है। जबकि गर्भवती जांच को प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। अस्पताल प्रबंधन द्वारा एनसी चेकअप के लिए अलग से डॉक्टर की व्यवस्था करनी चाहिए।

### समाधान किया जाएगा

सीएमएचओ डा. शैलेंद्र मंडल ने बताया कि गायनिक विभाग में निजी अस्पताल की महिला चिकित्सको की सेवाएं ली जाएंगी। वहीं डा. रागिनी ठाकुर का अवकाश मंगलवार को समाप्त हो रहा है। बुधवार से वे गायनिक विभाग में अपनी सेवाएं देंगी।

## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### प्रतिबंध के बावजूद हो रहा रेत का खनन व परिवहन, दो ट्रैक्टर-ट्राली जब्त

# परखंदा के ग्रामीणों ने की अवैध रेत उत्खनन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

सरकार के आदेश के चलते 15 जून से 15 अक्टूबर तक इन चार महीनों में नदियों से रेत उत्खनन एवं परिवहन पर प्रतिबंध है । बावजूद रेतमाफिया बाज नहीं आ रहे हैं। बड़े वाहन हाइवा लोगों की नजर में जल्दी आ जाते हैं इसलिए नया पैंतरा अपनाकर अब ट्रेक्टर-ट्राली के द्वारा नदियों से रेत निकाली जा रही है। इसकी शिकायत नदी तट से लगे हुए गांव के ग्रामीणों ने पुलिस से की है और आगे कार्रवाई करने की मांग रखी है।

मामला परखन्दा रेत खदान से जुड़ा हुआ है जहां रेत माफिया शासन के प्रतिबंध के बाद भी पूरी गुडांगर्दी के साथ रेत खदान संचालित कर रहे हैं। रेत खदान में रेत का अवैध खनन और परिवहन से त्रस्त ग्रामीणों ने रेत भरकर ले जा रहे दो ट्रेक्टर को रोककर हंगामा किया। सूचना पर कुरूद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वाहनों को जब्त कर थाना लाया। उन पर खनिज विभाग द्वारा जुर्माना लगाने की बात कही जा रही है।





### रोज निकाली जा रही 60-70 ट्रैक्टर रेत

शासन के आदेश की रेतमाफिया धज्जियां उड़ा रहे हैं। ग्रामीण लगातार रेत खदान बंद करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सोमवार की शाम को ग्रामीण विकास अध्यक्ष चम्पेश्वर सोनकर, ग्रामीण सलाहकार नरेंद्र ढीढी, उमेश्वर साहू, अजय साहू, सुमन निर्मलकर, लखन निर्मलकर, नंदू साहू, छोटू सोनकर, सोनाऊ साहू, लोकेश निषाद, मुकेश निषाद, रमेश सोनकर, ईश्वर सोनकर, ओमप्रकाश पटेल, कोमल निषाद, रूप राम साहू ने कुरूद थाना पहुंचकर गांव में अवैध रूप से हो रहे रेत उत्खनन पर रोक लगाने एवं कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि छ माह से हर रोज 60-70 ट्रेक्टर रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन बेधड़क किया जा रहा है।

### रेत माफियाओं को बचाने ग्रामीणों पर बना रहे दबाव

16 जून को समिति की तरफ से कलेक्टर, खनिज अधिकारी, एएसडीएम कुरूद को ज्ञापन देकर रेत के अवैध खनन को बंद करने की मांग की गई थी। बावजूद जिला प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। खनिज विभाग के अधिकारियों से संपर्क करते तो वे कॉल रिसीव नहीं करते। इससे साफ जाहिर है कि उनकी भी इस अवैध कारोबार में मिलीभगत है। ग्रामीणों ने कुरूद के एक नेता पर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि अभी ट्रेक्टर को पकड़कर थाना लाये हैं तब से टीआई के पास कई बार फोन आ गया। हम पर दबाव बनाया जा रहा है। नेताओं का भरपूर संरक्षण अवैध खनन में मिल रहा है।

# पीएम आवास निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- जिला पंचायत सीईओ ने ली अधिकारियों की बैठक

जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में एनआरएलएम और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बन रहे आवासों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के निर्माण कार्यों में आउटपुट दिये जाने तथा ग्राम संगठन संकुल स्तरीय लेखा-जोखा दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में उनके द्वारा इनकी समीक्षा की जाएगी। सीईओ ने कहा कि समूह की ऐसी महिलाएं जिन्हें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजना का लाभ मिला है तथा ऐसे पीड़ति परिवारों को क्लेम मिला है, उसकी जानकारी प्रस्तुत की जाए। प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए सीईओ ने योजना के तहत बनाए गए समूह और कितने समूह के खाते सक्रिय हैं तथा किन-किन समूहों को आरएफ एवं सीआईएफ की राशि दी गई है, उसकी जानकारी देने कहा। राजमिस्त्रियों के उन्मुखीकरण के लिए कार्ययोजना बनाने और जनपद पंचायतों के तहत दिए गए दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में करने कहा।

# अजय के जन्मदिन पर 24 पौधे रोपे गए





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

- मरीजों को फल वितरण के साथ मुंह मीठा कराया

भाजपा सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम सिवनीकला के आयुर्वेदिक औषधालय में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरण के साथ मुंह मीठा कराया गया। साथ ही पौधरोपण कर जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद शाउमावि सिवनीकला तथा शामावि सिवनीकला के प्रांगण में 24 जून को विधायक के जन्मदिन पर 24 पौधों का रोपण किया गया जिसमें 12 नीम और 12 आम के पौधे शामिल थे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कुरूद विधायक के दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मौके पर गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष, टकेश्वर चंद्राकर सेक्टर प्रभारी, थानेश्वर तारक शक्ति केंद्र प्रभारी, पूरनलाल अजा जिला महामंत्री, केवल चंद्राकर, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, टेकराम बूथ अध्यक्ष, कपिलदेव बूथ अध्यक्ष, डीलेंद्र यादव युवा मोर्चा अध्यक्ष, त्रिलोचन साहू आईटी सेल प्रभारी, खिलावन चंद्राकर, दीपदान साहू, पुरुषोत्तम पटेल, दिलेश्वर, इंदु आडील, डीहूराम, रूपराम, सुरेश पंच, राजेंद्र, कुंजीलाल, बोधन, लोमस, अवध, नरेंद्र, धनराज, भोला, उत्तम, भागी, निर्मल, चंद्रप्रकाश, भोजपाल, पीलू पटेल, राकेश, धनेश्वर, काशीराम तारक, राजकुमार, दिलीप, मनोज, सुरेश, साहिल, इंद्र बाई सेन, रोहिणी सेन, आसबती तारक, डामेश्वरी, ओमेश्वरी, नविता, मीनाक्षी, राधिका, लक्ष्मी, मोनिका, द्रौपदी, शाउमावि के प्राचार्य तुलसीराम पटेल, शिक्षकगण एलके नायक, डीआर बंजारे, शामावि की प्रधानपाठिका ललिता साहू, उपस्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी रितु रात्रे, लालजी, रूपराम सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### राशन कार्डों का नवीनीकरण अब 30 जून तक होगा

**धमतरी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक समयावृद्धि की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में 453 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित हैं, जिसमें 2 लाख 41 हजार 489 राशनकार्ड प्रचलित है। इनमें अब तक 2 लाख 33 हजार 428 राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जा चुका है एवं शेष 8061 राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जाना है। उन्होंने राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे राशनकार्ड नवीनीकरण एप्लीकेशन के माध्यम से या संबंधित दुकानों के एप्लीकेशन के माध्यम से राशनकार्डों का नवीनीकरण नियत तिथि तक अनिवार्य रूप से करा लें।



# डा. मुखर्जी ने देश में एक विधान एक प्रधान के नारे को किया बुलंद

- भाजपा मंडल गुरूर ने पितृ पुरूष की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)



भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरूर द्वारा पार्टी कार्यालय जागृति भवन में पार्टी के पितृ पुरूष डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने श्री मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी। उन्होंने देश में एक विधान और एक प्रधान के नारे को बुलंद किया। वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी शिक्षाविद् थे। श्री मुखर्जी ने कर्म क्षेत्र के रूप में राजनीति में भाग लिया और अजीवन इसी में लगे रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष यादराम साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू ने कहा कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी एक चिंतक थे जो हमेशा देश के लिए सोचते थे। कश्मीर के विषय को लेकर उन्होने आंदोलन किया। उन्हीं के बलिदान का परिणाम है कि आज कश्मीर से धारा 370 हटी। मौके पर ऐनूराम सोनवानी, रामसाय साहू, राजेश दीवान, तेजराम साहू, महामंत्री मेहत्तर नेताम, भुवनलाल साहू, मिथिलेश साहू, डीआर गजेन्द्र, पन्ना साहू, चिंताराम साहू, कौशल साहू, डोमेश्वरी साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, संध्या साहू, जनार्दन सिन्हा, चिंताराम साहू सहित काफी संख्या में भाजपा मंडल गुरूर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्कूल मैदान में फेंक रहे शराब की बोतलें, खिलाड़ी हो रहे चोटिल



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

कोर्रा के स्कूल मैदान में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो गया है। मैदान में शराब पीकर बोतल वहीं छोड़ देते है। इससे खिलाड़ियों को चोट पहुंच रही है। बता दें कि कोर्रा के स्कूल मैदान में डीजी ट्रेनिंग अकादमी का संचालन पिछले 8 महीने से किया जा रहा है जिसमें पुलिस और आर्मी भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। 60 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अकादमी के संचालक गुलशन साहू व्यायाम शिक्षक ने मैदान की सफाई करवाई है लेकिन असामाजिक तत्वों के लोग ग्राउंड में गंदगी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू एवं प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू ने बताया कि आने वाले महीने में इस मैदान में मैराथन दौड़ का आयोजन डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा द्वारा किया जा रहा है। ग्राउंड की रखरखाव एवं व्यवस्था के लिए भखारा थाना में आवेदन दिया जाएगा।

# योग के अभ्यास से मन को मिलती है शांति




हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय की रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित बोधवानी व महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल तथा स्वयंसेवकों की उपस्थिति में योगाभ्यास किया गया। श्री जायसवाल ने सभी प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों को प्राणायाम में अनुलाम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति व आसन में पदमासन, वज्रासन, गोमुखासन, हलासन, भुजंगासन का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानव जीवन में योग आवश्यक है। छात्र जीवन में लगातार योगाभ्यास से ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मन को शांति मिलती है। स्वयंसेवकों ने प्रतिदिन योगाभ्यास करके स्वस्थ रहने का प्रण लिया।

# केंद्रीय कर्मचारियों की भांति वेतनमान महंगाई भत्ते के लिए मांग पत्र सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी




राष्ट्रीय पैक्स कार्यकारिणी नई दिल्ली की गूगल मीट बैठक 23 जून को हुई। पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि जल्द ही राष्ट्रीय लेटर पैड में अध्यक्ष राजेश दत्त की झारखंड की अगुवानी में पुनः नई दिल्ली जाकर केवल एक ही मांग पूरे राष्ट्र के पैक्स कर्मचारियों की केंद्रीय सेवा नियम 2024 का तैयार करते हुए केंद्रीय कर्मचारियों की भांति वेतनमान, महंगाई भत्ता के लिए मांग पत्र सौंपा जाएगा और सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव व राष्ट्रीय पदाधिकारी केंद्रीय मंत्रियों को अपने-अपने राज्यों में संसदों को मांग पत्र सौंपेंगे। एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर करते हुए देश के सभी पैक्स लैम्पस के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश लेकर पैक्स कार्यालय को बंद करने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी प्रदेश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नई दिल्ली नरेंद्र कुमार साहू छत्तीसगढ़ ने दी है।

# कोर्रा में फलदार एवं फूलदार पौधे रोपे गए



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में फलदार एवं फूलदार पौधे रोपे गए। पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, सदस्य देवेश सेन, कारण, वरुण, समीर, खोमेश, सत्यानंद, दीपक, पुष्पेंद्र, हिना कुसुम, होमेश्वरी ने एक-एक पौधा लगाया।

अकादमी के संस्थापक श्री साहू ने बताया कि आने वाले माह में मैराथन दौड़ का आयोजन अकादमी द्वारा किया जायेगा।

Pride of Dhamtari

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

### ब्रम्हाकुमारी विवि जी-जामगांव ने संस्था की प्रथम प्रशासिका की पुण्यतिथि मनाई

# जीवन में मां का होता है सर्वोच्च स्थान : बीके सरिता

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जी-जामगांव द्वारा ब्रम्हाकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका का 59 वां पुण्यतिथि दिवस मनाया गया। बीके सरिता मुख्य सेंटर संचालिका धमतरी, बीके रेखा सेवाकेंद्र जीजामगांव, बीके आरती धमतरी, बीके देवराज ,नीलिमा साहू शिक्षक ,सीमा पटेल बिहान सदस्य, संगीता साहू ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथियों का जिया और डिम्पल ने स्वागत किया।

बीके रेखा ने कहा कि आज के दिन हम मां जगदम्बा को याद कर रहे हैं। आप सभी ने जगदम्बा का स्वरूप, सजे-सजाए अष्टधारी, शक्ति स्वरूपा के रूप में देखा है जो इस समय भगवान के ज्ञान को धारण कर और तपस्या के बल से वह आगे बढ़ी जो जगदम्बा सरस्वती मां कहलाई। मुख्य वक्ता बीके सरिता ने कहा कि परमात्मा ने इस संस्था की पालना के लिए, आगे बढ़ाने के लिए जिसे चुना, वह वास्तव में इस सृष्टि की मां थी जिसका स्थान आसमान जैसा विशाल है। मम्मा ज्ञान की देवी सरस्वती है। छोटी उम्र में भी उनके अंदर जो योग्यता थी। उनका जो समर्पण भाव था। एक मां का स्वरूप था। बीके आरती ने कहा कि जब बाबा ने मम्मा को पहली बार देखा तो परख लिया कि यह साधारण कन्या नहीं है। यह अनुराधा है। उनके स्वरूप में दिखाई देती थी। मम्मा जब यज्ञ में आई तब कुछ लेकर नहीं आई।लेकिन वह धन की देवी लक्ष्मी कहलाई क्योंकि यज्ञ में हर चीज की इकोनॉमी बचत करती थी। नीलिमा साहू ने कहा कि आज हमें मम्मा के जीवन के बारे में पता चला। यह एक मेरे जीवन के लिए अच्छा अनुभव रहा। सीमा पटेल ने कहा कि इस सेंटर में आना उनके लिए सुखद अनुभव रहा। संगीता साहू ने कहा कि किसी भी महान व्यक्तित्व का जन्म उनके जीवन के मूल्यों का अवलोकन करना तथा अपने जीवन में उतारने के लिए मनाया जाता है। बीके परमेश्वर आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमनें मम्मा-बाबा को नहीं देखा पर दीदी की पालना ने कमी महसूस होने नहीं दिया। मंच संचालक करते हुए देवराज ने कहा कि यह समय की पुकार है, अपने आप को पहचानो।

## खबर संक्षेप

### पेपर लीक में घोटाले को लेकर शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन

**अंतागढ़।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता के द्वारा नीट एग्जाम से हुई अनियमितता एवं पेपर लीक में घोटाले को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया गया और नारेबाजी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंतागढ़ ब्लॉक एन एसयूआई अध्यक्ष विशाल कुमार और जिला एन एनएसयूआई महासचिव नितिन गुप्ता, विधानसभा उपाध्यक्ष सूर्यस गुडडा नेताम विकास सोनी, पृथ्वी उईके, मोनू साहू, गंगन ध्रुव, ओम कुमार यादव, आशीष यादव, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शाला प्रवेशोत्सव साडगुड़ में आज

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडगुड़ में 26 जून को सुबह 11 बजे जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव होगा। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य धरमुराम मंडावी के मौजूद रहने के सूचना दी गई है।

### युवती ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोड़ेकुर्सी थानांतर्गत ग्राम चाऊरगांव निवासी 19 वर्षीय करुणा पिता परमेश्वर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि 24 जून को सुबह करीबन 9 बजे युवती ने अज्ञात कारणों के चलते गोड़पाल खेत में महुआ के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मे मर्ग कायम कर विवेचना मे लिया है।

### शराबखोरी करते 6 लोगों का पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने पखांजुर थानांतर्गत ग्राम शीतलापारा निवासी अविनाश नेताम पिता बरातू राम को , शीतला पारा निवासी 46 वर्षीय चम्पाबाई कुलदीप पति सुखचन्द को, पित्तेकोड़ो निवासी 35 वर्षीय संतोष गर्वना पिता धनाजी राम को, रुपनगर निवासी दीपाकंर हलधार पिता स्व. निर्मल हलधार को, रुपनगर निवासी विजय खान पिता विश्वनाथ खान को मेला भाठा सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। पीव्ही निवासी 35 वर्षीय शीतल विश्वास पिता सतीशचन्द्र को 23 जून को 8 बजकर 25 मिनट बजे सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 36 (च) (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### खेत के मेड़ काटने पर हुआ विवाद मामला दर्ज

**कांकेर।** चौकी हल्बा में शिकायत करने पहुंचे ग्राम शाहवाड़ा निवासी 91 वर्षीय दयाराम पिता स्व. लच्छनसिंह ने पुलिस को बताया कि 20 जून को शाम करीबन 4 बजे मेरे खेत के मेड़ को स्वरूप साहू पिता धीरज साहू के द्वारा काटा जा रहा था। मेरे द्वारा मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अवैध रुप से शराब पिलाने की व्यवस्था, तीन गिरफ्तार

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने 24 जून को अलग अलग जगहों पर छापामार कार्रवाई करते हुए शराब पीने की अवैध रूप से सुविधा देने और सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करने वालों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। बांदे थानांतर्गत ग्रांम शांतिपारा निवासी प्रशांत हलदार पिता स्व. भवरंजन को पुलिस ने 24 जून को दोपहर करीबन 1 बजे अन्य लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा। पीव्ही 79 निवासी असीम पिता विपुल को 24 जून की शाम करीबन 4 बजे अवैध रुप से अन्य लोगों को शराब पिलाते हुए पकड़ा।

वीरांगना दुर्गावती ने आदिवासी समाज को किया गौरान्वित : जीवराखन

# सिर्री में रानी दुर्गावती की मूर्ति का हुआ अनावरण

■ अपनी लड़ाई स्वयं को लड़नी होगी : अकबर राम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आदिवासी समाज की गौरव वीरांगना दुर्गावती के शहादत दिवस पर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज गातापार परिक्षेत्र तथा युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज व्दारा ग्राम सिर्री में शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज भवन परिसर में रानी दुर्गावती की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि अकबरराम कोर्राम प्रदेश अध्यक्ष गोंड़वाना गोंड़ महासभा ने किया।

इससे पूर्व पांरपरिक बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई जिसमें गातापार परिक्षेत्र के करीब 36 गांव से लोग शामिल हुए। तत्पश्चात रानी दुर्गावती की विशाल मूर्ति का अनावरण अतिथियों ने किया। शहादत दिवस कार्यक्रम की शुरूआत बुढ़ादेव पेनठाना में रूढ़जिन्य पंरपरा के तहत सेवा अर्जी से की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अकबरराम कोर्राम प्रदेश अध्यक्ष गोंड़वाना गोंड़ महासभा ने कहा कि आजादी के बाद से आदिवासी समाज को ठगा जा रहा है जितना अधिकार हमें संविधान ने दिया है, उनमें से कई अधिकारों से हमें वंचित करने का काम सरकारें कर रही हैं। यदि समय रहते समाज नहीं जागा तो आदिवासियों का भविष्य खतरे में आ जाएगा। पदोन्नति में आरक्षण, स्थानीय भर्तियों के अलावा 23 सूत्रीय मांग आदिवासी समाज लंबे समय से कर रहा है लेकिन कोई भी सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रहर है। इसलिए अपनी लड़ाई स्वयं को लड़नी होगी।



#### महिलाओं को आगे आने की जरूरत

अध्यक्षता कर रहे गातापार परिक्षेत्र अध्यक्ष कुलंजन सिंह मंडावी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी में रानी दुर्गावती समाहित हैं। अपने परिवार, समाज की रक्षा के लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि रानी दुर्गावती ने प्रथम महिला शासक के रूप में अपने समाज एवं रियासत की रक्षा के लिए कुर्बानी दी। उनकी वीरता, समाज सेवा, राष्ट्रभक्ति से पूरा आदिवासी समाज गौरान्वित है । हम सभी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

#### आदिवासी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत



आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने कहा कि लगातार महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है। ऐसे अत्याचारों से मुक्ति के लिए हर महिला को रानी दुर्गावती बनने की जरूरत है। समाज में व्याप्त बुराईयों व अत्याचार को एक महिला ही खत्म कर सकती है। ईश्वरी नेताम जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज, प्रमोद कुंजाम, जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज, महिला प्रभाग की चमेली नेताम ने महारानी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व में गोंड़वाना के 52 गढ़ थे। रानी दुर्गावती यहां की महारानी थी। वे निडर होने के साथ-साथ वीर और प्रजा हितैषी भी थी। रानी दुर्गावती न केवल गोंड़वाना राज्य की बहादुर योध्दा थी, बल्कि आदिवासी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

कार्यक्रम में झागेश्वर ध्रुव, बीरबल सिंह कुंजाम, बलदाऊ सिंह कुंजाम, राजकुमार कतलाम, गिरीश नेताम, विजय सिंह कुंजाम,विष्णु छेदैया, गैंदूराम कोर्राम, दुखूराम नेताम, आनंद पडौटी, सुखीत राम मंडावी, महेश रावटे, अनीता ठाकुर, देवनाथ नेताम, प्रेमलता नेताम, दिनेश्वरी नेताम, रामेश्वर मरकाम, राजू नेताम, वेदप्रकाश ध्रुव, संतोष कुंजाम, हेमंत छेदैया, केवल नेताम, छोटू मंडावी, झरना मंडावी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकगण उपस्थित थे।

### नवागांव में कबीर जयंती मनाई गई

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम नवागांव (क) के कबीर आश्रम में संत कबीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर संतों ने संत कबीरजी के जीवन चरित्र को विस्तारपूर्वक बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बच्चों ने उत्साह से किया योग

**सिर्री।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला गोजी में योग और प्राणायाम कराया गया। द आर्ट ऑफ लिविंग की इंदु साहू ने योग सिखाया। बच्चों ने भी उत्साह से योग किया। मौके पर माध्यमिक व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक टुमन लाल निषाद, शिवकुमार साहू, शिक्षक मनोज नेताम, कुलेश्वर साहू, डोमन साहू, निर्मला नागरची, जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदु साहू, पुष्पेंद्र साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, केवल चंद्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामती साहू शामिल रहे।

## योग दिवस पर क्रीड़ा भारती के सदस्यों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

क्रीड़ा भारती द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि उपज मंडी में योग शिविर का आयोजन किया गया।ऑल इंडिया लीनेस क्लब की अध्यक्ष जानकी गुप्ता ने योग शिविर में सहभागिता कर आयोजक समिति के संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल, सौरभ अग्रवाल कोष प्रमुख, श्रीमती हर्षा साहू जिला प्रभारी धमतरी क्रीड़ा भारती, अध्यक्ष लक्ष्मण लाल साहू, सलाहकार सत्यवान यादव, ईश्वर पटेल, गगन कुंभकर, शिवा प्रधान, ननकु महाराज, यशवंत साहू, रामकुमार यदु, नीलमणि साहू, रामकुमार साहू, टिकेश्वर निर्मलकर, विजय यादव आदि का सम्मान किया। जानकी गुप्ता ने कहा कि योग केवल एक दिन मनाने का काम नहीं है बल्कि यह एक यात्रा है जिसे हर दिन करने से स्वास्थ्य रूपी सुख मिलता है। एरिया ऑफिसर लीनेस माला शुक्ला, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस दीपा घई, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर समेत संस्कार भारती ने कार्यक्रम की सराहना की।

## ग्राम पंचायत को सुदृढ़ बनाने करों की वसूली को दें प्राथमिकता : सीईओ रोमा

■ धमतरी-कुरूद जनपद के आंतरिक करारोपण अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पंचायत सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद पंचायत धमतरी एवं कुरुद के आंतरिक करारोपण अधिकारियों का जिला पंचायत सभाकक्ष में लेखा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत के लेखा अधिकारी चंदन कुमार टंडन ने आंतरिक करारोपण अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में 16 पंजियों का संधारण, लेखा संधारण, लेखा नियम, विभागीय ऑडिट निराकरण उचित ढंग से प्रबंधित करने कहा।

इसी तरह ग्राम पंचायत को सुदृढ़ बनाने करों की वसूली, पंचायतों में साफ-सफाई की व्यवस्था को भी विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाये। गांव की गलियों की नाली की प्रतिदिन साफ-सफाई के साथ कचरा प्रबंधन के कार्य को भी व्यवस्थित किया जाए। मोबाइल टॉवर, मछली पालन के लिए तालाब लीज पर, व्यायसायिक परिसर को किराए पर दी गई राशियों की बकाया वसूली हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम पंचायत में कराए गए निर्माण कार्यों की जीएसटी की राशि चालान के माध्यम से सरपंच सचिव को चालान के माध्यम से दो प्रतिशत की राशि जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रोहित बोरझा प्रभारी डीए जिला पंचायत, एसके भास्कर, विमलचंद जैन, लालचंद दिल्ली, भीरेंद्र कुमार, कृष्ण सिंह नागवंशी, डीएस मरकाम, झलेन्द्र कंवर, राकेश ध्रुव उपस्थित थे।

## अजय के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बेलर मंडल के महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, कृषि एवं ग्राम विकास समिति के लीलाम्बर साहू ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से रायपुर में उनके निवास में मुलाकात कर जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## लेडीज क्लब के पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ

■ अध्यक्ष ने आगामी सेवा गतिविधियों के लिए टीम वर्क पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लेडीज क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि लेडीज क्लब संचालिका उषा गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को उनकी सेवाओं के क्रियान्वयन तथा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ भारती राव ने मां सरस्वती के लिए श्लोक वाचन किया। शिरीन हाशमी ने कहा कि लेडीज क्लब लबालब प्यार से भरा हुआ एक ऐसा सरोवर है जो यहां आता है वह मोहब्बत के रंग में रंग जाता है। कामिनी कौशिक ने श्रद्धा कश्यप और गायत्री साहू को उनके उल्लेखनीय सेवाओं हेतु मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। शपथ अधिकारी उषा गुप्ता ने अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप, सचिव काजल सिन्हा, कोषाध्यक्ष साधना साहू सहित सभी पदाधिकारीगणों को उनकी अनिवार्य सेवाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कोषाध्यक्ष तनुजा सेन एवं सचिव काजल सिन्हा ने आने वाले वर्ष को यादगार बनाने की बात कही। अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप ने आगामी सेवा गतिविधियों को सुचारू रूप से आयाम देने के लिए टीम वर्क पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मनोरंजक गेम्स आयोजित किए गए जिसमें कामिनी कौशिक, सीमा हरदेल, काजल सिन्हा, चंदा शर्मा, मंजू सेन, ज्योति गुप्ता विजयी रहे जिन्हें श्रद्धा कश्यप और शारदा साहू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक व डॉक्टर भारती राव तथा आभार प्रदर्शन ज्योति गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में उषा गुप्ता, भारती राव, कामिनी कौशिक, सरला खंडेलवाल, ज्योति गुप्ता, लीला शर्मा, चंदा शर्मा, आरती कौशिक, प्रतिभा गुप्ता, रचना नायडू, माधवी शर्मा, शिरीन हाशमी, रेणु खनूजा, शुभ्रा गौर, मंजू महावर, तनुजा सेन, मंजू सेन, बीना नायडू, काजल सिन्हा, देविका साहू, नीता रणसिंह, साधना साहू, हरजीत कौर, श्रद्धा कश्यप, शिरीन हाशमी, गायत्री साहू, पूनम सिंग, सीमा हरदेल, डॉ. प्राची गुप्ता का सहयोग रहा।

कार्यक्रम के अंत में लेडीज क्लब की पूर्व अध्यक्ष पम्मी रोकडिया के ज्येष्ठ मोहम्मद अशरफ रोकड़िया के निधन पर लेडीज क्लब परिवार ने संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को दुख सहने तथा मृत आत्मा की मुक्ति व शांति हेतु परमेश्वर से प्रार्थना की।



#### लेडीज क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी

संरक्षिका श्रीमती मधु रानी ढांढ, संचालिका उषा गुप्ता, निवृत्तमान अध्यक्ष शिरीन हाशमी, अध्यक्ष श्रद्धा कश्यप, उपाध्यक्ष प्रथम रचना नायडू, उपाध्यक्ष द्वितीय गायत्री साहू, उपाध्यक्ष तृतीय नीता रणसिंह, सचिव काजल सिन्हा, सहसचिव पूनम सिंग, प्रेस सचिव कामिनी कौशिक, कोषाध्यक्ष साधना साहू, सहकोषाध्यक्ष बीना नायडू, सांस्कृतिक सचिव तनुजा सेन, संगठन मंत्री माधवी शर्मा, प्रचार मंत्री हरजीत कौर, क्रीड़ा सचिव मंजू सेन बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में संगीता गरेवाल, सरला खंडेलवाल, जानकी गुप्ता, देविका साहू, सीमा हरदेल, शारदा साहू शामिल हैं। संचालक मंडल में उषा गुप्ता, भारती राव, कामिनी कौशिक, संतोष लखोटिया, प्रभा श्रीवास्तव, मंजू महावर, लीला शर्मा, नीताअजमानी, आशा गुप्ता, शुभ्रा गौर, आरती कौशिक, प्रतिभा गुप्ता, बलजीत आनंद, पम्मी रोकडिया, रेणु तनुजा, बबली राजोरिया, चंदा शर्मा, शबीना रिजवी, माधवी शर्मा, शिरीन हाशमी शामिल हैं।

### मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मां के नाम से पौधे रोपे

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्णेश्वर मेला परिसर में पार्टी द्वारा पंडित मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम रखा गया।

### शरीर को मजबूत बनाने योग जरूरी

**कोर्रा(भखारा)।** प्राचार्य एनके देवांगन के निर्देशानुसार आस्था विद्या मंदिर में योग दिवस मनाया गया। योगासन का प्रारंभ माता सरस्वती की वंदना प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात सूक्ष्म यौगिक व्यायाम प्राणायाम, कपालभारती, योगासन, ताड़ासन, वज्रासन, वृक्षासन, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार एवं शांति पाठ किया गया। प्राचार्य श्री देवांगन ने कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ है। हमें अपने शरीर को मजबूत एवं ताकतवर बनाये रखने के लिए योग आवश्यक है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बोलेरो-बाइक में भिड़ंत होने पर युवक की मौत

**मेघा पुल के पास हुई घटना**





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कुरूद- मेघा मगरलोड सड़क मार्ग में हादसे थमने का नाम नहीं ले रही है। फिर एक सड़क दुर्घटना में युवक की जान चली गई। थाना से मिली जानकारी अनुसार 24 जून सोमवार को जितेश कुमार मीनपाल पिता त्रिलोक मीनपाल उम्र 35 वर्ष निवासी नयापारा गोकुलपुर धमतरी अपनी मोटरसाइकिल से मेघा मगरलोड की ओर जा रहा था। वह मेघा पुल के बीच पहुंचा था तभी मेघा तरफ से आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी 05 एआर 1230 से उनकी मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। इस एक्सीडेंट में बाइक चालक जितेश मीनपाल को गंभीर चोट लगी।



मृतक जितेश

**कुरूद- मेघा मगरलोड सड़क पर नहीं थम रहे हादसे**

शासकीय वाहन 108 से उपचार के लिए उसे शासकीय अस्पताल मगरलोड में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया गया। 25 जून को पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बोलेरो वाहन को थाना में खड़ा किया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बिरेतरा स्कूल में छात्रों शिक्षकों ने किया योग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम हुआ। अतिथि सरपंच उषा साहू, भीखम साहू, नरेंद्र साहू एवं रेणु साहू सचिव ग्राम पंचायत थे। शाला की छात्राओं लीना, भूमिका, वर्षा ने सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, प्राणायाम, अनुलोम विलोम, गृवा चालन, स्कंद आसन, घुटना संचालन, त्रिकोण आसन, ताड़ासन, वृक्षासन, कपालभांति आसनों का अभ्यास कराया। सरपंच उषा साहू एवं नरेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में योग दिवस का महत्व बताया। संस्था प्रमुख गेवाराम नेताम ने प्राचीन काल से चले आ रहे आध्यात्म दर्शन योग के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया। बताया कि योग करने से मन एकाग्रचित होता है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा लीना ने किया गया। मौके पर संस्था के व्याख्यातागण चोवाराम चंद्राकर, जसवंत सिंह रघुवंशी, डी संगीता राव, चेतन लाल देवांगन, परवेज अली, विज्ञान सहायक दुलेश्वर सिंह साहू, भृत्य ईगन साहू सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बठेना में साहू समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बठेना वार्ड क्रमांक 6 में साहू समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने फीता काटकर किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए तहसील साहू समाज शहर के अध्यक्ष रोहित साहू ने बताया कि इस भवन की अनुशंसा श्रीमती रंजना साहू ने अपने विधायक कार्यकाल के दरम्यान की थी। यह भवन सर्व समाज हित के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने कहा कि समाज की एकता समाज की मजबूती को दर्शाता है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक पदाधिकारियों का सहयोग जरूरी है। इस भवन की प्रमाणिकता तभी सिद्ध होगी जब यह सर्व हितकर के लिए उपयोगी होगा। जिला साहू समाज अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि साहू समाज ने सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए नया आयाम स्थापित किया है। सभी क्षेत्र में साहू समाज ने अपनी सहभागिता दी है।



विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा ने कहा कि सामाजिक भवन का लोकार्पण खुशी का पल है। इस भवन का लाभ सभी को मिले। साहू समाज ने सभी सेवा कार्यक्षेत्र में अग्रिम भूमिका निभाई है। मौके पर वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम, यशवंत साहू, विजय साहू, रामकुमार साहू, चंद्रभागा साहू, डिलेश साहू, निर्मला साहू, यशवंत साहू, पामिन साहू, दिलेश साहू, ललित कुमार साहू, वेदराम साहू, नीलिमा साहू, कोमल साहू, जानकी साहू, श्याम साहू, माखन साहू, निलेश साहू, नरेश साहू, रेखा साहू, गीता साहू, रेणुका साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### स्वामीनाथन आयोग कमेटी की अनदेखी कर रही केंद्र सरकार : घनाराम



**धमतरी।** किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष घनाराम साहू ने बताया कि केंद्र सरकार ने धान के समर्थन मूल्य में जो 100 रूपए की बढ़ोतरी की है, वह काफी कम है। आज कृषि खाद, दवाई, एवं कृषि लागत व अन्य खाद्य पदार्थों में बेतहाशा विधि हुई है उसके आधार पर 100 रूपये की वृद्धि काफी कम है। डीजल, पेट्रोल, छड़, सीमेंट एवं सिलेंडर गैस के दाम में काफी वृद्धि हुई है। उस हिसाब से धान के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 100 रुपए की बढ़ोतरी नाकाफी है। स्वामीनाथन आयोग कमेटी की सिफारिश मूल्य को लेकर जिस प्रकार अनदेखी की जा रही है। वह किसान हित में नहीं है।

### विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव मंगाए गए

**धमतरी।** वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए की गई परिकल्पना को साकार करने हेतु राज्य के लिए अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047 संबंधी विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। उप संचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकी ने बताया कि इसके लिए राज्य नीति आयोग द्वारा लिंक के माध्यम से 31 जुलाई तक सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि युवा, कृषक, महिला एवं प्रबुद्धजनों से मुख्यमंत्री एवं योजना मंत्री के संवाद के लिए 27 जून को कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। सीआईआई फिक्की इत्यादि उद्योग क्षेत्र की संस्थाओं व उनके प्रतिनिधियों से चर्चा के लिए जुलाई के तीसरे सप्ताह और विभिन्न कॉलेज अंतर्गत फैकल्टीज एवं छात्रों के साथ चर्चा के लिए जुलाई के चौथे सप्ताह में कार्य प्रस्तावित है। उप संचालक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने स्तर पर युवा, किसान, महिला, औद्योगिक संगठन, विद्यार्थियों, शिक्षकों आदि को लिंक के माध्यम से धमतरी जिला के समग्र विकास के लिए अधिक से अधिक सुझाव प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करें।

### आदिवासी गोंड समाज ने मनाई रानी दुर्गावती जयंती

**कोर्रा(भखारा)।** गोंडवाना भवन कोदोरास सिलौटी में आदिवासी गोंड समाज परिक्षेत्र सौराबांधा द्वारा रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर महिला प्रभाग अध्यक्ष प्रीति कतलम, उपाध्यक्ष चंद्रिका मांडवी, कोषाध्यक्ष खोमिन उइके, सचिव डिलेश्वरी तुमरेकी, संरक्षक अंजनी नेताम, अहिल्या नेताम, ताराबाई पदाम के अलावा पंचगण श्रीमती खेमूबाई कोर्राम, पुनेश्वरी मांडवी, रुक्मणी ,सावित्री तुमरेकी, सरिता मांडवी, टिकेश्वरी नेताम, सदस्य दूज बाई, शिवरानी श्याम ध्रुव ,सरोज नेताम, उर्वशी, नंद बाई, ललिता तुमरेकी, बिंदा कुंजाम, चंद्रभागा, उत्तरा मांडवी, तामेश्वरी, टोमिन ध्रुव, अध्यक्ष केवल सिंह नेताम, उपाध्यक्ष छगन पदाम, कोषाध्यक्ष हेमनारायण कतलम, सचिव ताराचंद, हरिश्चंद्र कोर्राम ग्रामीण अध्यक्ष सौराबांधा, पूनम उइके सिलौटी ग्रामीण अध्यक्ष, गैंदलाल ग्रामीण अध्यक्ष सेमरा, रामजी ग्रामीण अध्यक्ष जुगदेही, संतोष मांडवी खपरी मौजूद थे।

## प्रवेशोत्सव आज : कई स्कूलों में सफाई, पानी की व्यवस्था नहीं

# बदहाली के बीच होगा छात्रों का स्वागत





**नहीं ढहाया गया जर्जर भवन**



रूद्री प्राथमिक शाला परिसर में स्कूल का काफी पुराना जर्जर भवन है। इसी प्रकार ग्राम खपरी, तरसींवा, सोरम के स्कूल में अतिजर्जर भवन है। इन भवनों में कक्षाएं तो नहीं लगती हैं, लेकिन शाला परिसर में होने के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। जानकारी के अनुसार जिले में 56 स्कूल भवन जर्जर है, जिसे डिस्मेंटल किया जाना है।



आज जिले के हर हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इन प्रवेशोत्सव में जिलास्तर के अधिकारी शामिल होकर छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी कंडेल स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होंगी। सीईओ रोमा यादव भखारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय भेंडरी मगरलोड, एसडीएम श्री मरकाम नगरी स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे।

**सुधार ली जाएगी व्यवस्था**

सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव से पहले व्यवस्था सुधार करने के निर्देश दिए गए थे। किसी स्कूल में यदि खामी होगी तो उसे संज्ञान में लेकर तुरंत सुधारा जाएगा। किसी भी जर्जर सकूल में कक्षा नहीं लगती है। सभी जगह अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा चुका है।

- टीआर जगदल्ले, *जिला शिक्षाधिकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बदहाली के बीच बच्चों का स्वागत स्कूल में होगा। सख्त निर्देश के बाद भी कई स्कूलों में व्यवस्था सुधारी नहीं गई है। कई स्कूलों में सफाई भी नहीं की गई है।

आज से जिले के सभी स्कूलों के पट खुल जाएंगे। शाला प्रवेशोत्सव मनाते हुए आज सभी स्कूलों में छात्रों का स्वागत किया जाएगा। पुस्तक-गणवेश आदि का वितरण भी किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने शाला प्रवेशोत्सव से पहले सभी स्कूलों में पानी, शौचालय, सफाई, रंगरोगन करवाने के निर्देश दिए थे लेकिन कई स्कूलों द्वारा आदेश की ओर ध्यान ही नहीं दिया गया।

हरिभूमि ने मंगलवार को रूद्री स्कूल का निरीक्षण किया। यहां प्राथमिक स्कूल में पीने के पानी की टंकी की सफाई नहीं की गई थी। इसी से बच्चों के लिए पीने के लिए पानी की सप्लाई होती है। टंकी में काई और गंदगी भरी हुई थी। वॉश बेसिन में नीचे पाइप ही नहीं लगी है। शौचालय की मरम्मत भी नहीं हुई है। यही स्थिति हाईस्कूल में बने दिव्यांग शौचालय की थी। स्कूल का रंगरोगन तो दूर, झाड़ियों की भी सफाई नहीं की गई थी। हाईस्कूल के सामने बना गार्डन तो जंगल बन गया है।

## कालेजों में एडमिशन के लिए मेरिट सूची आज चस्पा होगी, कटआफ बढ़ेगा



- सीट फुल नहीं होने पर प्रवेश के लिए पोर्टल फिर खुलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश पर कालेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए वेबपोर्टल 18 जून को खोला गया जिसके माध्यम से इच्छुक छात्र छात्राओं आनलाइन आवेदन किया। आठ दिन तक आवेदन लेने के बाद 26 जून गुरुवार को कालेजों में एडमिशन के लिए मेरिट बेस के आधार पर लिस्ट टंग जाएगी।

पीजी कालेज की प्राचार्य डा.श्रीदेवी चौबे ने बताया कि आनलाइन फार्म सब्मिट करने के बाद गुरुवार को कार्यालयीन समय में सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। लिस्ट मेरिट बेस के आधार पर है। कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरु होगी। उसके बाद भी अगर सीट फुल नहीं होगी तो पोर्टल खोलकर फिर से आनलाइन आवेदन मंगाया जाएगा।

विदित हो कि इस वर्ष भी कालेजों में रेग्युलर पढ़ाई के लिए मारामारी रहेगी। 12वीं उत्तीर्ण छात्रों की संख्या इस वर्ष 8 हजार से अधिक हैं जो फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए हैं। जिले में कालेज की संख्या 9 है जिसमें सीट संख्या 4 हजार के आसपास हैं। विभिन्न कक्षाओं में एडमिशन लेने के मुकाबले छात्रों की संख्या दोगुने से अधिक है। इससे कटआफ बढ़ेगा।

बता दें कि जिले के सबसे बड़े कालेज बीसीएस पीजी कालेज विद्यार्थियों की पहली पसंद है। विद्यार्थियों के लिए यहां मनपसंद संकाय हैं। अध्यापक और संसाधन हैं। यहां एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा दबाव रहता है। धमतरी जिले के अलावा पड़ोसी जिले के विद्यार्थी यहां पढ़ने के इच्छुक रहते हैं।

## गोंड़ समाज ने मनाया रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस



**धमतरी।** ग्राम लोहरसी में आदिवासी गोंड़ समाज ने रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया। गांव में बाजे-गाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर गोंड़ समाज के अध्यक्ष नरेश उइक, उपाध्यक्ष डिगेश्वर सलाम, मिलेन्द नेताम, मोहन मरकाम, महिला अध्यक्ष सविता नेताम, सरपंच मोनिका नेताम, मुकेश नेताम, पूर्व अध्यक्ष निरंजन नेताम, पूर्व सचिव रुपेश सलाम, दीपक उइके, लक्ष्मण कतलाम, हरि नेताम, रवि नेताम, प्रतिभा सलाम, हिरमिशी सलाम, गंगा नेताम, गीता नेताम, कविता नेताम उपस्थित थे।

## सामाजिक भवन निर्माण को वार्डवासियों ने बताया अवैध

- नगर निगम पहुंचे लालबगीचा के रहवासी, रोक लगाने महापौर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शहर के लालबगीचा वार्ड में सामाजिक भवन निर्माण किया जा रहा है। इसे वार्डवासियों ने अवैध निर्माण बताकर इस पर रोक लगाने की मांग की है। महापौर को ज्ञापन देने वार्डवासी निगम कार्यालय पहुंचे। वार्डवासियों ने तत्काल निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

वार्ड के संजू सारथी, संतराम साहू, विजय सोरी, संजय कुमार, लक्ष्मी राजपूत, शत्रुहन, सावित्री सारथी, मीना मेश्राम सहित अन्य लोगों ने कहा कि लालबगीचा वार्ड में सामाजिक भवन का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा है। भवन निर्माण के पास गली अंदर 35 कच्चे मकान हैं। जहां भवन निर्माण हो रहा है, उसी रास्ते से आना-जाना करते हैं। निगम में सभी प्रकार के टैक्स भी देते हैं। उसके बाद भी अवैध रूप से भवन का निर्माण हो रहा है। स्थल की जांच कराकर इस पर रोक लगाई जाए। वार्ड के रहवासियों ने कहा कि निगम द्वारा निर्माण कार्य पर रोक नहीं लगाने पर विवाद की स्थिति बनेगी। इस संबंध में कलेक्टोरेट में भी आवेदन दिया गया है। इस अवसर पर काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## पारिश्रमिक के लिए भटक रहे हमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सहकारी समिति सेमरा में हमालों को मजदूरी नहीं देने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। सोमवार को जनदर्शन पहुंचे हमाल लोकेश, राधे, लखन, होरीलाल, फिरंगी, सुरेश, रघुवीर, दिनेश मेहता ने कलेक्टर से शिकायत की है कि कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ग्राम सेमरा में धान खरीदी वर्ष 2024 के लिए ठेकेदार रमन सिन्हा द्वारा निविदा ली गई थी। 30 हमालों ने धान कांटा का काम किया है। 91.600 क्विंटल धान का कांटा 5.95 रुपए में किया गया है। समिति प्रबंधक तथा ठेकेदार द्वारा हमालों को मजदूरी देने में टालमटोल किया जा रहा है। हमालों ने मजदूरी राशि दिलाने की मांग की है।

## निजी हित को छोड़कर राष्ट्रहित में करें चिंतन



- कोलियारी में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में हुआ था विवाद
- विहिप, बजरंग दल ने एसपी से ग्रामीणों को परेशान न करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सदैव लोकहित एवं राष्ट्रहित के संरक्षण के लिए कार्य करता आ रहा है। कुछ दिनों पूर्व ग्राम कोलियारी में एक समुदाय विशेष के वैवाहिक कार्यक्रम में कुछ अज्ञात लोगों ने व्यवधान डाला। दोनों पक्षों में लड़ाई झगड़ा हुआ। किसी भी परिवारिक कार्यक्रम में इस तरह की घटना की विहिप और बजरंग दल निंदा करता है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आग्रह किया कि गांववालों को बिल्कुल भी परेशान न किया जाए। गांववालों को समझाइश दी कि असामाजिक व्यक्तियों का अगर गांव में आगमन होता है तो तुरंत नजदीकी थाने को सूचित करें। जिला कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने गांववालों से कहा कि गांव की सुरक्षा अपने हाथों में लें। हम निजी हित को छोड़कर राष्ट्रहित में चिंतन करें।

जिला बजरंग दल सहसंयोजक डाकेश्वर साहू ने भी गांव के युवाओं को एकजुट होकर कार्य करने कहा। जिला अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति से देवराम साहू, मुकेश साहू, रामेश्वर निर्मलकर, प्रतीक माने, टॉनिक राम साहू, मनमोहन साहू, विमला बाई, कोमिन, चमेली, रेणुका, रोहिणी समेत ग्रामीण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साहू समाज का प्रतिनिधि मंडल बिरकोना पहुंचा



- जांच दल ने मृतक के परिजनों से की चर्चा, निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति का जांच दल जिला मुख्यालय कवर्धा से 8 किलोमीटर दूर बिरकोना पहुंचा। जांच दल ने मृतक के परिजनों एवं ग्रामवासियों से चर्चा कर उक्त घटना की संपूर्ण जानकारी ली। ज्ञात हो कि विगत दिनों ग्राम बिरकोना निवासी कोमल साहू की संदेहास्पद मृत्यु हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि कोमल राम साहू की हत्या के करने के बाद उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। पुलिस कार्रवाई से परिवारजन एवं ग्रामवासी असंतुष्ट हैं। अभी तक अपराधी को पकड़ने में पुलिस नाकाम रही है। एसआईटी जांच टीम भी कछुए की चाल से जांच कर रही है। इस घटना की जानकारी होने पर प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने उच्चस्तरीय जांच टीम का गठन किया। टीम में शामिल पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महामंत्री दयाराम साहू, हलधर साहू, श्रीमती मोहन कुमारी साहू एवं राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लाला साहू, महासचिव सोहन साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के संयुक्त सचिव हिरेंद्र साहू ने बिरकोना पहुंचकर पीड़ित परिवार एवं ग्रामवासियों से मुलाकात की। परिवारजन एवं ग्रामवासियों ने पुलिस की भूमिका पर आरोप लगाया कि अपराधी को संरक्षण दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने इस घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उचित कार्रवाई नहीं होने पर संघ आगे की योजना तैयार करेगा।

## जिले के कराते खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के कुरूद और धमतरी ब्लॉक एवं दुर्ग जिले के 60 खिलाड़ियों ने सिरपुर महासमुंद में आयोजित राज्यस्तरीय कराते ट्रेनिंग में भाग लिया और जिले का नाम रोशन किया। 29 खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट ट्रेनिंग, 3 खिलाड़ी मास्टर ट्रेनिंग एवं 28 खिलाड़ियों ने सामान्य ट्रेनिंग ली। ब्लैक बेल्ट ट्रेनिंग में कुरूद ब्लॉक से निरंजन साहू बगदेही, गजानंद सिन्हा कुरूद, केसनी साहू दर्री, संगीता बघेल कोसमर्रा, मनीष कुमार लोहरपथरा, विनय कुमार चरोटा, सुमेश कुमार चरोटा, खिलेश देवांगन सिलीडीह, पूजा साहू संकरी, चित्ररेखा साहू संकरी, रूपाली साहू जीजामगांव, पद्मनी साहू जीजामगांव, टिकेश्वरी साहू कुरूद, मीनाक्षी चंद्राकर चोरभठ्ठी, ज्योति साहू चिंवरी, नीरज साहू चिंवरी और धमतरी ब्लॉक से पुष्पेंद्र सिन्हा तेलीनसत्ती, दुर्गेशनंदनी रुद्री और दुर्ग पाटन के भनसुली से मनीषा देवांगन ने ब्लैक बेल्ट की परीक्षा पास की।

कोच रघुनाथ नेताम बोरई एवं योगेश साहू बगदेही ने खिलाड़ियों को आगे और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। सात दिवसीय ट्रेनिंग में छत्तिसगढ़ के विभिन्न जिले बालोद, महासमुंद, जांजगीर, कोरबा, सक्ती, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, बस्तर, गरियाबंद, मुंगेली, जशपुर, कोरिया, कबीरधाम, कांकेर, सारंगढ़, बिलाईगढ़ के कुल 262 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ टोंग एलमूडू एसोसिएशन के तत्वावधान में यज्ञ शाला भवन सिरपुर में हुई। खिलाड़ियों ने संस्था के प्रमुख सेंसई उपेन्द्र प्रधान का आभार प्रकट किया।

### प्रशिक्षण के लिए आवेदन 28 तक

**धमतरी।** लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत नवीन कोर्स सिक्योरिटी सुपरवाईजर में प्रशिक्षण के लिए 28 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास निर्धारित है। प्रशिक्षण के इच्छुक शैक्षणिक प्रमाण- पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में आवेदन जमा कर सकते हैं।




## नीट घोटाला : एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया संसद का घेराव

- केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं : राजा देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नीट यूजी में अनियमितता के विरोध में एनएसयूआई ने लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत के दिन संसद तक मार्च की योजना बनाई थी। तख्तियां और एनएसयूआई के झंडे लिए छात्र बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पर छात्र संसद घेराव के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन से पहले पुलिस ने छात्रों को मार्च निकालने से रोकने के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज कर गिरफ्तार कर लिया जिसमें धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन और उनके दर्जनों साथियों को भी गिरफ्तार किया गया।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि नीट परीक्षा में हुई धांधली से लाखों बच्चों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है लेकिन केंद्र सरकार न तो छात्रों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और न ही पारदर्शिता से प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करने में सक्षम।

विरोध प्रदर्शन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस विषय की गहनता एवं पारदर्शी तरीके से जांच हो और छात्रों की समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें जल्द न्याय दिया जाए। यह लाखों बच्चों के भविष्य एवं मेडिकल प्रोफेशन की क्रेडिबिलिटी का सवाल है। केन्द्र सरकार और एनटीए इसकी गंभीरता से लेकर जांच करे।

राजा देवांगन ने आगे बताया कि सरकार से परीक्षा को दोबारा कराने का भी आग्रह किया है परन्तु तानाशाही भाजपा सरकार छात्रों की बात सुनने को तैयार नहीं है और पुलिसिया कार्रवाई और जेल की सलाखों का डर दिखाकर छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। श्री देवांगन के साथ पारसमणि साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, अरविन्द यादव, नोमेश सिन्हा, शैलेश मण्डवी, चैतन्य साहू, सुदीप सिन्हा, तेजप्रताप साहू, तेजप्रकाश साहू, जय श्रीवास्तव, अजय देवांगन, मोनू सिन्हा, प्रभात साहू, राजा खान, उदय गुरू, राशिद सिन्हा समेत कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।



